दिनांकः 13.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन–आपसी राज़ीनामे के ज़रिये मामलों को निपटाया जाएगा।
- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश वृहद् कार्यसमिति की आज जयपुर में बैठक।
- राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2024 की खरीफ फसलों के लिए बीमा कराने के संबंध में जारी किये दिशा–निर्देश।
- भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच चौथा टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज।

000

प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएंगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाली इस साल की ये दूसरी लोक अदालत है। इसमें राज़ीनामे के जरिये विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि प्री–लिटिगेशन और लंबित मुकदमों में से दस लाख मुकदमे लोक अदालत के सामने सूचीबद्ध करने के लिए चिन्हित किए जा चुके हैं। इन मुकदमों की सुनवाई के लिए अधीनस्थ अदालतों में कुल 512 बेंचों का गठन किया गया है। वहीं हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ में पांच बेंच और जयपुर पीठ में चार बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में राजीनामा हो सकने वाले सिविल, आपराधिक, सेवा, श्रम, मोटर दुर्घटना और पारिवारिक मामलों सहित अन्य प्रकृति के प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया है। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से मामलों की सुनवाई होगी। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व अदालतों, उपभोक्ता मंचों और प्रशासनिक अधिकरणों में किया जाएगा।

दूसरी ओर राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने लोक अदालत के शुभारंभ कार्यक्रम का बहिष्कार किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि लंबे समय से वकीलों की मांग को लेकर हाईकोर्ट प्रशासन को प्रतिवेदन दिए गए हैं, लेकिन उन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बूंदी जिले में 13 और सवाईमाधोपुर 12 बैंचों के माध्यम से राज़ीनामा योग्य मामलों को निपटाने के प्रयास किये जाएंगे।

000

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश वृहद् कार्यसमिति की आज जयपुर में बैठक होगी। सीतापुरा स्थित जेईसीसी सभागार में होने वाली इस बैठक में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम शिरकत करेंगे। दिनभर चलने वाली इस वृहद कार्यसमिति के दो सत्रों में संगठनात्मक मजबूती पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य से केन्द्रीय मंत्री परिषद में शामिल हुए गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल और भागीरथ चौधरी का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मंत्रिमंडल सहयोगी और सभी विधायक, प्रदेश पदाधिकारी से लेकर जिला और मंडल स्तर तक के महामंत्री शामिल होंगे। इसके साथ ही पंचायत से लेकर सभी भाजपा जनप्रतिनिधि इस कार्य समिति में शामिल होंगे। इस बृहद कार्य समिति में लगभग आठ हजार पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

000

केन्द्र सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगाया था। 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने को लेकर सरकार की ओर से एक अधिसूचना जारी की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दिवस उन घटनाओं का स्मरण कराएगा, जब भारत के संविधान को रौंदा गया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों को सहा था।

गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य आपातकाल से प्रभावित उन करोड़ों लोगों की भावनाओं का सम्मान करना है, जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने कहा इससे देश के लोकतंत्र की रक्षा होगी।

000

प्रदेश में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण के अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को सुगम और पारदर्शी बनाया जाएगा। साथ ही, अंगदान और अंग प्रत्यारोपण के संबंध में निचले स्तर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य के ट्रांसप्लांट सेंटरों और नॉन ट्रांसप्लांट ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर्स को और अधिक मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार, केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कल जयपुर में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण से सम्बंधित नवगठित स्टेट एडवाइजरी कमेटी की पहली बैठक में ये निर्देश दिये। उन्होंने अंग प्रदाता और उनके परिजनों की संवेदनशील रूप से काउंसलिंग करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेडिकल टूरिज्म के माध्यम से अंग प्रत्यारोपण और अंगदान को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अंगदान प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने के लिए पोर्टल तैयार करने के भी निर्देश दिए। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में अंगदान को पैकेज के रूप में शामिल किया है। श्रीमती सिंह ने बैठक में फर्जी एनओसी प्रकरण की भी समीक्षा की। इसमें बताया गया कि फर्जी एनओसी प्रकरण के बाद गठित नई राज्य स्तरीय प्राधिकृत समिति द्वारा एनओसी जारी करने के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

000

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल खराबे से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए खरीफ 2024 की फसलों के लिए बीमा कराने को लेकर दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत फसलवार बीमा की प्रीमियम राशि भी घोषित कर दी गई है। कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि खरीफ फसलों के तहत अधिसूचित फसलों में बाजरा, ज्वार, मक्का, मूंग, मोठ, ग्वार, चंवला, उड़द, अरहर, सोयाबीन, तिल, धान, कपास और मूंगफली शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसान इस योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवा सकते हैं। किसानों द्वारा खेतों में वास्तविक रूप से बोई गयी फसलों की सूचना 29 जुलाई तक लिखित में देनी होगी, ताकि वास्तविक बुआई के अनुसार फसलों का बीमा सम्बन्धित बैंक या समिति द्वारा किया जा सके। गौरतलब है कि इस योजना में बीमित राशि का खरीफ फसल के लिए 2 प्रतिशत, रबी के लिए डेढ़ प्रतिशत और वाणिज्यिक तथा बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत प्रीमियम, कृषक द्वारा वहन किया जायेगा।

000

प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार उचित मूल्य की नई दुकानें खोली जाएगी। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कल राज्य विधानसभा में कहा कि इनका आवंटन सलाहकार समिति के गठन के बाद किया जाएगा। श्री गोदारा ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए ये जानकारी दी।

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में की 10वीं और 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षाएं 15 जुलाई से शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षा 22 जुलाई तक और 12वीं के तीनों संकायों की परीक्षाएं 15 जुलाई को एक ही दिन में सम्पन्न होंगी। अजमेर रीजन में 10वीं के पांच हजार और 12वीं के दस हजार विद्यार्थियों के लिए 45 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच चौथा टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत दो–एक से आगे है। शुभमन गिल के नेतृत्व में पहले मैच में भारत को ज़िम्बाब्वे से 13 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भारत ने अगले दोनों मैच जीतकर श्रृंखला में दो–एक की बढ़त ले ली थी। दूसरे मैच में भारत ने मेज़बान टीम को सौ रन से करारी शिकस्त दी थी। वहीं, तीसरे मैच में ज़िम्बाब्वे 23 रन से हार गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच कल हरारे में ही खेला जाएगा।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजधानी जयपुर में शाम को हुई बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। भीलवाडा में कल देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी जारी है। इससे किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर में कल हुई बारिश और तेज हवा चलने के कारण टीनशेड के गिर जाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पदमपुर और सूरतगढ सहित कई स्थानों तेज हवा के कारण बड़ी संख्या में बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए।

000